TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

23 दिसम्बर 2025


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने समाज

और देश के उत्थान के लिए कार्य करे।



**चौधरी चरण सिंह**

( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )

जन्म - 23 दिसम्बर 1902 मृत्यु - 29 मई 1987

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

23 दिसंबर

मधु प्रिया


# राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर



राष्ट्रीय किसान दिवस एक राष्ट्रीय अवसर के रूप में हर साल **23** दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की स्थिति के उत्थान पर ध्यान देना है। इसे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सम्मान में मनाया जाता है। वह एक किसान परिवार से थे।किसान हर देश की प्रगति में विशेष सहायक होते हैं। एक किसान ही है जिसके बल पर देश अपने खाद्यान्नों की खुशहाली को समृद्ध कर सकता है। देश में राष्ट्रपिता गांधी जी ने भी किसानों को ही देश का सरताज माना था। लेकिन देश की आज़ादी के बाद ऐसे नेता कम ही देखने में आए जिन्होंने किसानों के विकास के लिए निष्पक्ष रूप में काम किया। ऐसे नेताओं में सबसे अग्रणी थे देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह। पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह को किसानों के अभूतपूर्व विकास के लिए याद किया जाता है। चौधरी चरण सिंह की नीति किसानों व ग़रीबों को ऊपर उठाने की थी। उन्होंने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की कि बगैर किसानों को खुशहाल किए देश व प्रदेश का विकास नहीं हो सकता। चौधरी चरण सिंह ने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वह गंभीर थे। उनका कहना था कि भारत का संपूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मज़दूर, ग़रीब सभी खुशहाल होंगे।

# Teachers of Bihar
The change makers

## जयंती विशेष 23 दिसम्बर




**चौधरी चरण सिंह** (23 दिसंबर 1902 - 29 मई 1987) वह भारत के किसान राजनेता एवं पाँचवें तथा दुसरे गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने यह पद 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक संभाला। चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया। फरवरी 2024 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गयी।



राकेश कुमार




# TOB खेल कॉर्नर





## ACC अंडर-19 एशिया कप विनर्स

| साल | विजेता | फाइनल का नतीजा | उपविजेता |
|---|---|---|---|
| 1989 | IND | भारत 79 रन से जीता | श्रीलंका |
| 2003 | IND | भारत 8 विकेट से जीता | श्रीलंका |
| 2012 | IND/ PAK | मैच टाई, ट्रॉफी साझा | - |
| 2013/14 | IND | भारत 40 रन से जीता | पाकिस्तान |
| 2016 | IND | भारत 34 रन से जीता | श्रीलंका |
| 2017 | AFGH | अफगानिस्तान 185 रन से जीता | पाकिस्तान |
| 2018 | IND | भारत 144 रन से जीता | श्रीलंका |
| 2019 | IND | भारत 5 रन से जीता | बांग्लादेश |
| 2021 | IND | भारत 9 विकेट से जीता (D/L नियम) | श्रीलंका |
| 2023 | BAN | बांग्लादेश 195 रन से जीता | UAE |
| 2024 | BAN | बांग्लादेश 59 रन से जीता | भारत |
| 2025 | PAK | पाकिस्तान 191 रन से जीता | भारत |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **23.12.2025**

## व्यावहारिक शोध

व्यावहारिक शोध **(Applied Research)** वह वैज्ञानिक अध्ययन है जिसका उद्देश्य वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजना और मौजूदा ज्ञान को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में लाना है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, ताकि तुरंत उपयोगी परिणाम मिल सकें और निर्णय लेने में मदद मिल सके, यह मौलिक शोध **(Fundamental Research)** से अलग है जो ज्ञान के विस्तार के लिए होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



दुनिया के सबसे महंगे फलों में युबरी खरबूजा शुमार है। यह जापान में उगाया जाता है और वही पर बिकता भी है, क्योंकि जापान से बाहर इसका निर्यात बहुत कम ही होता है। इस खरबूजे को सूरज की रोशनी से दूर ग्रीन हाउस में उगाया जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि युबरी खरबूजे की एक जोड़ी की कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

# पद्य पंकज

"

सुन्दरता का आलोक-श्रोत
है फूट पड़ा मेरे मन में,
जिससे नव जीवन का प्रभात
होगा फिर जग के आंगन में!
मेरा स्वर होगा जग का स्वर,
मेरे विचार जग के विचार,
मेरे मानस का स्वर्ग-लोक
उतरेगा भू पर नयी बार!

---

सुमित्रा नंदन पंत

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya

# ToB बूझो तो जानें..




549

गोल-गोल हैं जिसकी आंखें, भाता नहीं उजाला,
दिन में सोता रहता हरदम, रात विचरने वाला.. बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


जयंती पर सादर नमन।
रामवृक्ष बेनीपुरी
जन्म 23 दिसम्बर 1899
मृत्यु 9 सितम्बर 1968
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org